केंद्रीय विद्यालय संगठन (लखनऊ संभाग)

मध्यावधि  परीक्षा  (Set-1)

विषय हिंदी कक्षा सातवीं

(समय: 2.30 घंटे )

पूर्णांक: 60

प्रश्न -1 . निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए:     (1x5=5)

वीरता की अभिव्यक्ति अनेक प्रकार से होती है। लड़ना-मरना, खून बहाना, तोप-तलवार के सामने न झुकना ही नहीं कर्ण की भाँति याचक को खाली हाथ न लौटाना या बुद्ध की भाँति गूढ़ तत्वों की खोज में सांसारिक सुख त्याग देना भी वीरता ही है। वीरता तो एक अंत:प्रेरणा है। वीरता देश-काल के अनुसार संसार में जब भी प्रकट हुई, तभी अपना एक नया रूप लेकर आई और लोगों को चकित कर गई। वीर कारखानों में नहीं ढलते, न खेतों में उगाए जाते हैं, वे तो देवदार के वृक्ष के समान जीवनरूपी वन में स्वयं उगते हैं, बिना किसी के पानी दिए, बिना किसी के दूध पिलाए बढ़ते हैं। वीर का दिल सबका दिल और उसके विचार सबके विचार हो जाते हैं। उसके संकल्प सबके संकल्प हो जाते हैं। औरतों और समाज का हृदय वीर के हृदय में धड़कता है।

(क) वीरता के प्रकार हैं-
(i) तोप-तलवार के सामने न झूकना (ii) याचक को खाली हाथ न जाने देना
(iii) ज्ञान की खोज में संसार-त्याग (iv) उपर्युक्त सभी

(ख) उपयुक्त शीर्षक दीजिए-
(i) वीरता (ii) वीरों का उद्भव
(iii) वीरता का महल (iv) कोई नहीं

(ग) वीर कहाँ उत्पन्न होते हैं?
(i) वे देवदार के वृक्ष के समान स्वयं उगते हैं तथा बड़े होते हैं। (ii) कारखानों में



https://www.evidyarthi.in/

(iii) खेतों में (iv) कोई नहीं

(घ) वीर पुरुष की क्या पहचान है?
(i) वह सबका चहेता होता है। (ii) उसके संकल्प समाज के संकल्प होते हैं।
(iii) (क) व (ख) (iv) कोई नहीं।

(ङ) 'सुख' का विलोम है
(i) दुख (ii) सुखी
(iii) कमज़ोर (iv) कोई नहीं

**प्रश्न -2 . निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** (1x5=5)

जग-जीवन में जो चिर महान,
सौंदर्यपूर्ण और सत्यप्राण,
मैं उसका प्रेमी बनूं नाथ!
जिससे मानव-हित हो समान!
जिससे जीवन में मिले शक्ति
छूटे भय-संशय, अंधभक्ति,
मैं वह प्रकाश बन सकूं नाथ!
मिल जावे जिसमें अखिल व्यक्ति !

प्रश्न(क) कवि ने 'चिर महान' किसे कहा है?
(i) मानव को (ii) ईश्वर को
(iii) जो सत्य और सुंदर से संपूर्ण हो (iv) शक्ति को

(ख) कवि कैसा प्रकाश बनना चाहता है?
(i) जिससे सब तरफ उजाला हो जाए। (ii) अज्ञान का अंधकार दूर हो जाए
(iii) जो जीने की शक्ति देता है। (iv) जिसमें मनुष्य सभी भेदभाव भुलाकर एक हो जाते हैं।



https://www.evidyarthi.in/

(ग) कवि ने 'अखिल व्यक्ति' का प्रयोग क्यों किया है?
(i) कवि समस्त विश्व के व्यक्तियों की बात करना चाहता है। (ii) कवि अमीर लोगों की बात कहना चाहता है।
(iii) कवि भारत के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाहता है। (iv) कवि ब्रह्मज्ञानी बनना चाहता है।

(घ) भय-संशय में कौन-सा समास है?
(i) द्विगु समास (ii) द्वंद्व समास
(iii) उपर्युक्त दोनों (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ङ) 'अखिल' शब्द का अर्थ कौन-सा है ?

(i) सम्पूर्ण (ii) समग्र

(iii) समस्त (iv) उपर्युक्त सभी

प्रश्न -3 . निम्नलिखित प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए: (1x12=12)

1 भाववाचक संज्ञा नहीं है

(i) ईमानदारी (ii) बुढ़ापा

(ii) मनुष्यता (iv) सेवक

2 द्वंद्व समास का उदाहरण नहीं है

(i) राजा-रंक (ii) माता-पिता

(ii)घर-घर (iv) अन्न-जल

3 जिस शब्द की विशेषता बताई जाए उसे क्या कहते हैं ?
(i) शब्द (ii) विशेषण
(iii) विशेष्य (iv) इनमें से कोई नहीं

4 निम्नलिखित विकल्पों में से सुमेलित विकल्प है:

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| I. संभ्रांत | क. वर्षा |
| II. समतल | ख. महिला |



https://www.evidyarthi.in/

| | | | |
|---|---|---|---|
| III. | मूसलाधार | ग. | नदियाँ |
| IV. | चंचल | घ. | आँगन |

विकल्प

क. I.घ, II.ग, III.क, IV.ख

ख. I.क, II.ख, III.ग, IV.घ

ग. I.ख, II.घ, III.क, IV.ग

घ. I.क, II.घ, III.ग, IV.ख

5 निम्नलिखित अंश को पढ़कर उचित विराम चिन्ह लगाने के लिए सही विकल्प चुनिए :

मुझ पर भी एक रात आसमान से गड़गड़ाती बिजली आकर पड़ी थी (a) अरे (b) बाप रे (c) वो बिजली थी या आफत (d)

विकल्प

(i) (a) , (b) । (c) ! (d) !

(ii) (a) । (b) , (c) ! (d) !

(iii) (a) ! (b) ! (c) । (d) ,

(iv) (a) ! (b) ! (c) , (d) ।

6 किस विकल्प में गुणवाचक विशेषण का प्रयोग नहीं है:

I. स्वर्ण-श्रृंखला

II. लाल-किरण

III. आकुल-उड़ान

IV. भूखे-प्यासे

7 निम्नलिखित में से किसमें संख्यावाची विशेषण का प्रयोग नहीं है:

I. नवयुग

II. चौराहा

III. त्रिकोण



https://www.evidyarthi.in/

IV. द्विशाखा

8 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सफल का विलोम शब्द नहीं है:

(i) फलदायक

(ii) असफल

(iii) निष्फल

(iv) विफल

9 निम्नलिखित में से वह शब्द चुनिए जिसे उलट कर लिखने पर कोई अर्थ मिल सके:

I. दिन
II. कुल
II. प्रभा
IV. दीन

10 वचन के अनुसार भिन्न शब्द है:

I. घर
II. रोटी
III. कपड़ा
IV. व्यक्तियों

11 'गुणवाचक विशेषण' वाला विकल्प है:

I. काला घोड़ा
II. दस रूपए
III. दो मन अनाज
IV. वह किताब

12 'साक्षर' का विलोम शब्द होगा

I. निरीक्षण
II. निरक्षर
III. अपढ़
IV. थोड़ा पढ़ा हुआ



https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न -4 . निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1x5=5)

इस बार जब मैं हिमालय के कंधे पर चढ़ा तो वह कुछ और रूप में सामने थीं। मैं हैरान था कि यही दुबली-पतली गंगा, यही यमुना, यही सतलुज समतल मैदान में उतरकर विशाल कैसे हो जाती हैं! इनका उछलना और कूदना, खिलखिलाकर लगातार हँसते जाना, उनकी यह भाव-भंगी, इनका यह उल्लास कहाँ गायब हो जाता है मैदान में जाकर? किसी लड़की को जब मैं देखता हूँ , किसी कली पर जब मेरा ध्यान अटक जाता है, तब भी इतना कौतूहल और विस्मय नहीं होता, जितना कि इन बेटियों की बाल लीला देखकर!

(1) 'मैं' शब्द किसके लिए आया है:

I. हिमालय के लिए
II. नदियों के लिए
III. पहाड़ के लिए
IV. लेखक के लिए

(2) 'हिमालय के कंधे पर चढ़ने' का अर्थ है:

I. हिमालय की चढ़ाई चढ़ने की कोशिश
II. हिमालय की ऊँचाई पर चढ़ना
III. हिमालय के बीचों -बीच जाना
IV. हिमालय के किनारे जाना

(3) हिमालय की चढ़ाई चढ़कर जब लेखक ने नदियों को देखा तो कैसी लगीं:

I. संकरी
II. लंबी-चौड़ी
III. फैलाव लिए हुए
IV. दुबली-पतली

(4) उपर्युक्त गद्यांश अंश है:

I. एक कहानी का
II. एक निबंध का



https://www.evidyarthi.in/

III. एक साक्षात्कार का

IV. एक रेखाचित्र का

(5) लेखक ने नदियों को हिमालय की बेटियों की संज्ञा क्यों दी है?

i. क्योंकि 'नदी' शब्द स्त्रीलिंग है

ii. लेखक नदियों को हिमालय की बेटियाँ मानता है

iii. हिमालय से निकलने के कारण हिमालय उसे नदियों का पिता लगता है

iv. वे बाल लीलाएँ कर रही थीं

प्रश्न -5. (क) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है? (2)

अथवा

नाटक 'पापा खो गए में' बच्ची को बचाने वाले पात्रों में एक ही सजीव पात्र है, उसकी कौन-कौन सी बातें आपको मजेदार लगीं? लिखिए।

(ख) 'मिठाईवाला' कहानी में रोहिणी चिक के पीछे से बात करती है। क्या आज भी औरतें चिक के पीछे से बात करती हैं? यदि करती हैं तो क्यों आपकी राय में क्या यह सही है? (2)

अथवा

दृढ़ निश्चय और अथक परिश्रम से सफलता पाने के बाद तोत्तोचान और यासुकी चान को अपूर्व अनुभव मिला, इन दोनों के अपूर्व अनुभव कुछ अलग-अलग थे। दोनों में क्या अंतर रहे? लिखिए।

प्रश्न -6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1x5=5)

आकाश का साफा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी



https://www.evidyarthi.in/

अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले सा।

अचानक बोला मोर।
जैसे किसी ने आवाज दी
'सुनते हो'।
धुआँ उठा
सूरज डूबा
अंधेरा छा गया।

(1) 'शाम-एक किसान' कविता के रचयिता कौन हैं?

I. भवानीप्रसाद मिश्र
II. सर्वेश्वरदयाल सक्सेना
III. नागार्जुन
IV. शिवप्रसाद सिंह

(2) पहाड़ को किन रूपों में दर्शाया गया है?

I. संध्या के रूप में
II. किसान के रूप में
III. एक पहरेदार के रूप में
IV. एक बच्चे के रूप में

(3)चिलम के रूप में किसका चित्रण किया गया है:

(i) पहाड़ का
(ii) पलाश का
(iii) अँगीठी का
(iv) सूर्य का

(4)पहाड़ के चरणों में बहती नदी किस रूप में दिखाई देती है:

I. चादर के रूप में
II. साफ़े के रूप में



https://www.evidyarthi.in/

III. रुमाल के रूप में

IV. किसान के धोती के रूप में

(5)कौन-सी अँगीठी दहक रही है:

I. कोयले की

II. लकड़ी की

III. पलाश के जंगल की

IV. प्रकृति की

प्रश्न -7. (क) यदि आपके घर के किसी स्थान पर किसी पक्षी ने अपना आवास बनाया है और किसी कारणवश आपको अपना घर बदलना पड़ रहा है तो आप उस पक्षी के लिए किस तरह के प्रबंध करना आवश्यक समझेंगे? लिखिए। (2)

अथवा

शाम: एक किसान कविता में आई हुई सभी एकरूपताओं को लिखिए।

(ख) क्या आपने या आपकी जानकारी में किसी ने कभी कोई पक्षी पाला है? उसकी देख-रेख किस प्रकार की जाती होगी, लिखिए। (2)

अथवा

भाव स्पष्ट कीजिए:

या तो क्षितिज मिलन बन जाता

या तनती साँसों की डोरी।

प्रश्न -8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए: (2x3=6)

क.देवव्रत कौन थे? उनका नाम भीष्म पितामह कैसे पड़ा?

ख.गंगा ने शांतनु से कहा - "राजन्! क्या आप अपना वचन भूल गए?" आपके विचार से शांतनु ने गंगा को क्या वचन दिया होगा?

ग. किस घटना से पता चलता है कि कर्ण बहुत दानवीर थे?

घ. द्रोणाचार्य और द्रुपद की शत्रुता का क्या कारण था?

प्रश्न-9 गाँव की गली मोहल्ले या कॉलोनी में फेरीवाले आते होंगे। फेरी वालों की दिनचर्या कैसी होती होगी? उनका घर परिवार कहाँ होगा, उनकी जिंदगी में किस प्रकार की समस्याएँ



https://www.evidyarthi.in/

और उतार-चढ़ाव आते होंगे। यह सब सोच विचार करते हुए 80 से 100 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए। (5)

अथवा

नदियों से होने वाले लाभों और भारत में नदियों के महत्व की चर्चा करते हुए 80 से 100 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए।

प्रश्न -10.आने वाले त्योहार को मनाने की योजना को ध्यान में रखकर दो मित्रों के बीच में संवाद लिखिए। (4)

अथवा

चाक और डस्टर निर्जीव वस्तुएँ हैं, किंतु अगर यह आपस में बात करें तो क्या बात कर सकते हैं? इसे ध्यान में रखकर संवाद लेखन कीजिए।

प्रश्न -11. विद्यालय के प्राचार्य को पत्र लिखकर अपनी फीस माफ़ करने के लिए प्रार्थना कीजिए। (5)

अथवा

अपने मित्र को उसके जन्मदिन पर बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।

--------------------------------



https://www.evidyarthi.in/